अन्नोत्सव कार्यक्रम

चर्चा में क्यों?

11 अक्टूबर, 2021 को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने छह लाभार्थियों को राशन किट वितरित करते हुए ‘**अन्नोत्सव कार्यक्रम**’ का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- ‘अन्नोत्सव कार्यक्रम’, ‘**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना**’ **के तहत प्रारंभ** किया गया महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम है, जिसका **उद्देश्य प्रत्येक लाभार्थी को खाद्य एवं सम्मान प्रदान करना** है।
- राज्य के **खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा क्रियान्वित** किये जा रहे इस कार्यक्रम के तहत राज्य के गरीब लाभार्थियों को 14 लाख राशन किट्स उचित मूल्य की दुकानों **(Fair Price Shops)** के माध्यम से वितरित की जाएंगी।
- उल्लेखनीय है कि कोविड-19 महामारी की चुनौतियों से निपटने के लिये **वर्ष 2020 में भारत सरकार द्वारा ‘प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना’ प्रारंभ** की गई थी, जिसके तहत प्रत्येक व्यक्ति को एन.एफ.एस.ए. **(NFSA)** के अंतर्गत मिलने वाले 5 किग्रा. अनुदानित अनाज़ के अतिरिक्त 5 किग्रा. मुफ्त खाद्यान्न प्रदान किया जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/annotsav-program